State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्र./निष्ठा/ऑनलाइन प्रशिक्षण/एस.सी.ई.आर.टी./2022/4530 रायपुर दिनांक 16/12/2022

प्रति,

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ़
2. समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, छत्तीसगढ़
3. समस्त जिला परियोजना समन्वयक, छत्तीसगढ़

विषय– सत्र 2021–22 में '**निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण 2.0/3.0**' के डाटा पैक प्रतिपूर्ति (Reimbursement) के भुगतान हेतु cgschool.in के माध्यम से आवेदन करने हेतु समस्त शिक्षकों एवं शाला प्रमुखों को निर्देशित करने बाबत्।

संदर्भ– 1. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ का पत्र क्र./एस.सी.ई.आर.टी./निष्ठा/सेकंडरी/2021–22/2306, रायपुर दिनांक 23/07/2021

2. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ का पत्र क्र./NISHTHA 3.0/FLN/2021/3216, रायपुर दिनांक 30/09/2021

––000––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ के सहयोग से सत्र 2021–22 में 'निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण' आयोजित किया गया था।

'निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण 2.0' के अंतर्गत दीक्षा पोर्टल पर दिनांक 01 अगस्त 2021 से 31 जनवरी 2022 तक कक्षा 9 से 12 के समस्त शिक्षकों (व्याख्याता व्याख्याता व्यावसायिक व्याख्याता एल.बी. एवं शाला प्रमुखों) का कुल 12 माड्यूल का प्रशिक्षण संपन्न हुआ है।

'निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण 3.0' के अंतर्गत दीक्षा पोर्टल पर दिनांक 01 अक्टूबर 2021 से 31 मार्च 2022 तक कक्षा 1 से 5 के समस्त शिक्षकों का कुल 12 माड्यूल का प्रशिक्षण संपन्न हुआ है।

'निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण' के डाटा पैक प्रतिपूर्ति (Reimbursement) के भुगतान हेतु cgschool.in के माध्यम से आवेदन करना अनिवार्य होगा। 'निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण 2.0/3.0' के लिए जो भी शाला प्रमुख या शिक्षक निर्धारित 12 माड्यूल पूर्ण किए बिना डाटा पैक प्रतिपूर्ति (Reimbursement) के भुगतान हेतु आवेदन करता है तो कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा।

डाटा पैक प्रतिपूर्ति (Reimbursement) के भुगतान हेतु आवेदन की प्रक्रिया निम्न होगी–

1. cgschool.in में Login करें। यदि आप cgschool.in में पंजीकृत नहीं है तो cgschool.in में स्वयं का पंजीयन कर Login करें एवं अपना 11 अंकों का कर्मचारी कोड अपडेट रखें।
2. ''निष्ठा प्रशिक्षण के डाटा की प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन'' लिंक को क्लिक करें।
3. अपने 11 अंकों का कर्मचारी कोड प्रविष्ट कर ''जानकारी देखें' पर क्लिक करें।

4. आपका विवरण प्रदर्शित होगा।

5. आप जिन कक्षाओं तथा विषयों में अध्यापन करते हैं, उसे सलेक्ट करें।

6. अपने बैंक के विवरण को भलीभांती जाँच लें। बैंक की जानकारी (आपका वेतन जिस बैंक खाते में आहरित होता है उसकी जानकारी देनी है, बैंक खाते की जानकारी गलत होने पर आप बैंक की जानकारी अपडेट कर सकते हैं।)

7. 'निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण' के डाटा पैक हेतु प्रतिपूर्ति (Reimbursement) के आवेदन की अंतिम तिथि 31/12/2022 होगी।

8. किसी भी तरह की समस्या होने पर ई–मेल cgnishtha002@gmail.com पर संपर्क करें।

**संलग्नः** आवेदन प्रक्रिया हेतु स्क्रीन शॉट।
(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

NBhamb
(डॉ. श्रीमती निशी भाम्बरी)
**अतिरिक्त संचालक**
एस.सी.ई.आर.टी. छ.ग. रायपुर

पृ.क्र./निष्ठा/ऑनलाइन प्रशिक्षण/एस.सी.ई.आर.टी./2022/4551 रायपुर दिनांक ~~4551~~ 16.12.2022

**प्रतिलिपि –**


1. सचिव, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, अटल नगर, महानदी भवन, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय को सूचनार्थ।
3. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, अटल नगर, महानदी भवन, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
4. समस्त कलेक्टर, जिला .................................................... को सूचनार्थ।
5. संभागीय संयुक्त संचालक, संभाग .................................... को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

NBhamb
**अतिरिक्त संचालक**
एस.सी.ई.आर.टी. छ.ग. रायपुर


## 'निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण' के डाटा पैक प्रतिपूर्ति (Reimbursement) के भुगतान हेतु जानकारी का विवरण

1. 'निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण 2.0/3.0' के लिए जो भी शाला प्रमुख या शिक्षक निर्धारित 12 माड्यूल पूर्ण किए केवल उन्हें ही डाटा प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन करना है।


2. cgschool.in website को विजिट कर Login बटन पर क्लिक करें।





3. cgschool.in में Login करें एवं "शिक्षक" पर क्लिक करें।





4. Login के उपरांत Left Hand Side पर Menu Button को क्लिक करें एवं "शिक्षक के कार्य" को क्लिक करें।






5. शिक्षक के कार्य के अंतर्गत "निष्ठा प्रशिक्षण के डाटा की प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन" पर क्लिक करें।




6. अपना 11 अंकों का ई–कोष आई.डी. प्रविष्ट करें । प्रशिक्षण का प्रकार निष्ठा 2.0 / 3.0 का चयन करें । जानकारी देंखें पर क्लिक करें । आपके द्वारा पढाये जाने वाले कक्षा तथा विषय का चयन करें । निष्ठा 2.0 हेतु कक्षा 9–12 एवं निष्ठा 3.0 हेतु कक्षा 1–5 ।




7. कृपया सुनिश्चित हो जाएँ कि जो खाता संख्या प्रदर्शित हो रही है उस खाते में आपका वेतन कोषालय के माध्यम से आहरित होता है। यदि खाता संख्या में गलती हो तो उसे सुधार लें । कृपया ध्यान रखें आपको केवल उसी खाते की प्रविष्टि करनी है जिसमें आपका वेतन आहरित होता है ।

8. कृपया प्रमाणित करें कि आपने सभी 12 माड्यूल पूर्ण कर लिया है, जानकारी असत्य पाए जाने पर आपके विरुद्ध होने वाली अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु आप स्वयं उत्तरदायी होंगें ।

9. अपनी जानकारी प्रविष्ट कर ''सुरक्षित करें'' बटन पर क्लिक करें।

10. निष्ठा 2.0 / 3.0 के लिए डाटा प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 / 12 / 2022 है ।

11. किसी भी तरह की समस्या होने पर ई–मेल cgnishtha002@gmail.com पर संपर्क करें।

––––000––––